भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

महाराष्ट्र MAHARASHTRA ◐ 2021 ◐ ZT 175328

परिशिष्ट-२

दस्ताचा प्रकार / अनुच्छेद क्रमांक	करारपत्र
दस्त नोंदणी करणार आहे का?	-
नोंदणी होणार असल्यास दुय्यम निबंधक कार्यालयाचे नाव	-
मिळकतीचे वर्णन	-
मोबदला रक्कम	श्री सुरेश मारुती चव्हाण
मुद्रांक विकत घेणार	रा. गडहिंग्लज, ता. गडहिंग्लज
दुसऱ्या पक्षकाराचे नाव	
हस्ते असल्यास त्याचे नाव	
मुद्रांक शुल्क रक्कम	५००/- पैकी १००/-
मुद्रांक विक्री नोंदवही अनु.क्रमांक / दिनांक	३४५७ दि. १२/०८/2022

श्री. संदिप शंकरराव कागवाडे (मुद्रांक विक्रेता) २६०६००९

मुद्रांक विकत घेणाऱ्याची सही परवाना क्र. ३३/२००० तहसिलदार आवार, गडहिंग्लज

12 AUG 2022
SUB. TREASURY OFFICE GADHINGLAJ

संदीप शंकरराव कागवाडे मुद्रांक विक्रेता, गडहिंग्लज
प.क्र. 33/2000 को. नं. 2606009 जि. कोल्हापूर

I/C Principal
Arts, Commerce & Science Mahavidyalaya
Gadhinglaj, Dist. Kolhapur.

ज्या कारणासाठी ज्यांनी मुद्रांक खरेदी केला त्यांनी त्याच कारणासाठी मुद्रांक खरेदी केल्यापासून सहा महिन्यात वापरणे बंधनकारण आहे.

समन्वय अनुबंध

(सामंजस्य करार)

कला, वाणिज्य आणि विज्ञान महाविद्यालय, गडहिंग्लज

तहसिल — गडहिंग्लज, जिल्हा — कोल्हापूर, पिन : ४१६ ५०२

और

शिवराज महाविद्यालय, गडहिंग्लज

तहसिल — गडहिंग्लज, जिल्हा — कोल्हापूर, पिन : ४१६ ५०२

भारत जैसे विशाल और बहुभाषी राष्ट्र को अपनी अस्मिता, राष्ट्रीय एकता और अंतर्प्रांतीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा की नितांत आवश्यकता है। सदियों से हिंदी यह कार्य करती आई है । महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से

राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार का काम किया जाता है। साथ ही छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति अभिरूची एवं राष्ट्रप्रेम निर्माण करने का काम किया जाता है। भविष्य में भी व्याख्यानमाला, सम्मेलन, परिसंवाद, साप्ताहिक कोर्स, वक्तृत्व, लेखन, पठन, कथन, मंचन प्रतियोगिताएँ आदि के आयोजन का भी मानस है।

अत: कला, वाणिज्य आणि विज्ञान महाविद्यालय, गडहिंग्लज, ता. गडहिंग्लज, जि. कोल्हापूर तथा शिवराज महाविद्यालय, गडहिंग्लज के बीच सोमवार दिनांक १४/०९/२०२२ पांच सालों (सन २०२२ से २०२६) के लिए समन्वय (सामंजस्य करार) हो रहा है। इस अनुबंध का उद्‌देश्य निम्नानुसार स्पष्ट किया गया है।

क) नीति :

१. हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना। राष्ट्रभाषा हिंदी को अधिकाधिक प्रसारित करना, जिससे राष्ट्रभाषा का स्वरूप सर्वग्राहय हो।
२. राष्ट्रभाषा हिंदी का विकास देश की प्रादेशिक भाषाओं के संपर्क और उनके विकास के साथ संपन्न होता रहें।
३. अहिंदी भाषी क्षेत्र में हिंदी को प्रसारित कर राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्व को स्थापित करना।
४. अन्यान्य प्रदेशों में प्रादेशिक भाषाओं का स्थान और सम्मान बना रहें तथा अंतर्प्रांतीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रयोग हो।
५. राष्ट्रभाषा हिंदी कें व्दारा राष्ट्रीय एकात्मता निर्माण हो।

ख) उद्‌देश्य :

१. राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार करना तथा भारतीय संविधान के १७ वे भाग के ३४३ वीं धारा में निर्देशित राष्ट्रभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी के प्रसार और विकास में सहायता प्रदान करना।
२. राजभाषा हिंदी की पढाई का प्रावधान करना।
३. हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना।
४. भारत में प्रचलित सभी भाषाओं, विशेष रूप में मराठी भाषा के व्दारा हिंदी के विकास में सहायता प्रदान करने का प्रयास करना, मराठी तथा भारत में प्रचलित सभी भाषाओं का हिंदी के साथ पारस्परिक संबंध दृढ करने के लिए मराठी आदि भाषाओं की पढाई का प्रावधान करना। उनके माध्यम से सभी पोषक प्रवृत्तियों को चलाना तथा राष्ट्रीय एकात्मता को पुष्ट करना।

ग) कार्यक्रम :

१. १४ सितंबर 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में व्याख्यान एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन.
२. राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन.
३. हिंदीभिमुख कार्यशाला का आयोजन
४. १० जनवरी 'विश्व हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन.
५. भाषाई सद्‌भावना हेतु कार्यक्रमों का आयोजन.

घ) नियम :

१. स्वखर्च से एक–दुसरे को सहयोग देना।
२. समन्वय अनुबंध की बातों का आवश्यकतानुसार नूतनीकरण करना।
३. पूर्व लिखित सूचना के साथ दोनों में से किसी भी संस्था को अनुबंध समाप्ति का अधिकार रहेंगा।
४. परस्पर सम्मति से निर्धारित कालावधि के बाद फिर से पाँच सालों के लिए यह समन्वय अनुबंध जारी रखा जा सकता है। इसके लिए निश्चित तारीख तथा लिखित अनुमति की आवश्यकता रहेंगी।

च) समन्वय :

१. प्रस्तुत समन्वय अनुबंध के जिम्मेदार कला, वाणिज्य और विज्ञान महाविद्यालय, गडहिंग्लज के प्रधानाचार्य/विभाग प्रमुख तथा शिवराज महाविद्यालय के प्रधानाचार्य तथा विभाग प्रमुख रहेंगे।

२. प्रस्तुत समन्वय अनुबंध कानूनन प्रावधानों के साथ दो प्रतियों में कार्यान्वित हो रहा है।

उपर्युक्त दिनांक और वर्षानुसार प्रस्तुत समन्वय अनुबंध पर निम्नांकित समन्वयक अधिकारियों के हस्ताक्षर से अमल हो रहा है।

प्राचार्य
डॉ. एस.एम. कदम
शिवराज महाविद्यालय, गडहिंग्लज
ता. गडहिंग्लज, जि. कोल्हापूर

प्राचार्य
डॉ. एस.एम. चव्हाण
कला, वाणिज्य आणि विज्ञान महाविद्यालय,
गडहिंग्लज, ता. गडहिंग्लज, जि. कोल्हापूर

सहा.प्रा. एन.ई. एकिले
प्रमुख,हिंदी विभाग
शिवराज महाविद्यालय, गडहिंग्लज

डॉ. संजीवनी पाटील
प्रमुख, हिंदी विभाग
कला, वाणिज्य आणि विज्ञान महाविद्यालय,गडहिंग्लज.